Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 261 ▫ रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या

### घर से 5 किलोमीटर दूर मिला दोनों का शव, गुस्साई भीड़ ने आरोपी के घर लगाई आग





**सूरजपुर,** 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां सूरजपुर कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई है. दोनों की लाश घर से करीब 5 किलोमीटर दूर पीढ़ा गांव में संदिग्ध हालात में मिली है. इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही एसपी सहित आलाधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं. पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. फिलहाल, पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### एसपी सहित आलाधिकारी पहुंचे मौके पर

तालिब शेख़ पुलिस के घर मे चारो तरफ खून ही खून दिखा खूनी द्वारा हत्या कर शव को साथ ले जाने की बात सामने आ रही है वही जिला बदर आरोपी द्वारा रात में घटना कारित किये जाने की जानकारी पुलिस को मिली है पुलिस टीम तलाश में जुटी हुई है वही आरक्षक सूरजपुर में पदस्थ है एवं पुलिस कर्मी मनेन्द्रगढ़ निवासी है खूनी द्वारा आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या कर सूरजपुर से 5 किमी दूर पीढ़ा गांव के एक खेत मे लाश को छोड़ दिया गया था। चाकू से रेतकर हत्या की गई है। घर मे हत्या कर शव को खेत मे लाकर छोड़ा गया था।

प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है. हत्याकांड से गुस्साई भीड़ ने आरोपी कुलदीप के घर को आग के हवाले कर दिया है. घटनास्थल पर बड़ी सख्या में लोग मौजूद हैं. वहीं इस घटना के विरोध में व्यापारियों ने शहर बंद कर दिया है. मौके पर पुलिस बल पहुंच गई है और स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटी हुई है.

## सेंट्रल जेल में गैंगवार, दशहरा की शाम बंदियों के बीच हिंसक झड़प, एक घायल



**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। सेंट्रल जेल में एक बार फिर से गैंगवार की घटना हुई है. दशहरा की शाम जेल में बंद दो बंदियों के बीच भिड़ंत हुई. इस दौरान हत्या के आरोपी ने कप सिरप बेचने के आरोप में बंद कैदी नुकीली वस्तु से हमला किया. जिससे जेल में अफरा-तफरी मच गई. वहीं जेल के प्रहरी तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों बंदियों को अलग किया.

दरअसल, सिरगिट्टी पुलिस ने नशीली कफ सिरप बेचने के मामले में नवीन निर्मलकर को तीन दिन पहले जेल भेजा है. दशहरा की शाम जेल में दुर्गा विसर्जन के दौरान वह आशीर्वाद लेने गया था. जहां हत्या के आरोपी लोकेश तिवारी ने अचानक किसी नुकीली वस्तु से उस पर हमला कर दिया. इससे नवीन घायल हो गया. जानकारी मिलते ही जेल प्रहरी पहुंचे और दोनों बंदियों को अलग कराया. घटना जेल के डी खंड में हुई. बताया जा रहा है कि लोकेश तिवारी और नवीन निर्मलकर की जेल के बाहर से दुश्मनी है. लोकेश ने सिरगिट्टी क्षेत्र में नवीन के माता-पिता पर हमला कराया था. जब वह हत्या के मामले में जेल पहुंचा था, तब नवीन ने लोकेश पर हमला कर दिया था. घायल नवीन निर्मलकर पहले हत्या के मामले में भाइयों के साथ जेल में था. सेंट्रल जेल से उसका तबादला दुर्ग जेल तबादला हुआ था. यहां से कुछ समय पहले ही बाहर आया था और नशीली दवा के कारोबार में उसे फिर से जेल आना पड़ा।

## ब्रेकिंग न्यूज


### आज देशभर में अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं बंद

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। खिल भारतीय चिकित्सा संघ ने 14 अक्टूबर (सोमवार) को देशभर में वैकल्पिक सेवाओं को बंद करने का आह्वान किया है, जिससे पूरे देश में डॉक्टरों द्वारा एकजुटता दिखाई जाएगी। यह कदम पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों के समर्थन में उठाया गया है, जहां कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक युवा महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में न्याय की मांग की जा रही है। इससे पहले, भारतीय चिकित्सा संघ ने 15 अक्टूबर को 24 घंटे की देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की थी, जबकि कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन जारी है। तीन डॉक्टरों को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती भी कराया गया है।

### जयशंकर के साथ मीटिंग के लिए बेकरार शहबाज! 9 साल बाद पाकिस्तान में उतरा भारत का प्लेन



**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। जिसका इंतजार पाकिस्तान को था आखिरकार वो पल उसके नसीब में आ ही गया। 9 साल के अंतराल के बाद पहली बार भारतीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की सरजमीं पर उतर चुका है। शंघाई कॉरपोरेशन आर्गनाइजेशन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जयशंकर से पहले उनका प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है। एससीओ बैठक से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल की तैयारियां पाकिस्तान में शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही पाकिस्तान में शंघाई ऑर्गनाइजेशन कॉरपोरेशन के शिखर सम्मेलन का सिलसिला। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस्लामाबाद दौरे से पाकिस्तान बहुत उत्सुक है। पाकिस्तान में बड़े स्तर पर मंत्री अलग अलग तरह से इस बात को उठाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत के साथ पाकिस्तान की कोई द्विपक्षीय बातचीत हो जाए। हालांकि ऐसा होना असंभव है क्योंकि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर खुद ये कह चुके हैं कि वो पाकिस्तान द्विपक्षीय बातचीत के लिए नहीं जा रहे हैं।




चूहा- सुनती हो, महाराष्ट्र सरकार अब रतन टाटा के नाम से यूनिवर्सिटी का नाम रख रही है।

चुहिया- हां जी, इंसान की कीमत तो उसके नहीं होने के बाद ही आंकी जाती है।

## फ्लाइट में बम की धमकी से मचा हड़कंप

### एयर इंडिया विमान की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। एयर इंडिया की फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह विमान मुंबई एयरपोर्ट से न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरने के बाद तुरंत दिल्ली की ओर डायवर्ट कर दिया गया और इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अब यह विमान दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर खड़ा है।

धमकी मिलने के तुरंत बाद, क्रू को अलर्ट किया गया और विमान को दिल्ली में उतारा गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, और विमान के सभी हिस्सों की गहन जांच की गई। इसके साथ ही, यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली गई। एयरपोर्ट स्टाफ और दिल्ली पुलिस ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। एयरलाइन ने लोगों से अपील की है कि वे सहयोग करें और किसी तरह की असत्य जानकारी न फैलाएं। सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है, और मामले की गहन जांच की जाएगी। इसी तरह, बीते दिन इंडिगो एयरलाइन की एक फ्लाइट में भी बम होने की धमकी मिली थी।

## सीजी पीएससी के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे सिविल जज अभ्यर्थी



**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) द्वारा आयोजित सिविल जज मुख्य परीक्षा में नियमों में बदलाव से असंतुष्ट 30 से अधिक अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के आयोग ने परीक्षा के नियमों में परिवर्तन किया, जिसके चलते उनकी उत्तर पुस्तिकाएं जांची ही नहीं गईं। उन्होंने बताया कि प्रश्नों के उत्तर क्रम में न लिखने के कारण उन्हें कॉपियां जांचे बिना ही विफल घोषित कर दिया गया।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने 3 सितंबर 2023 को 49 सिविल जज पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें से 542 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए। लगभग एक वर्ष बाद 25 अगस्त 2024 को मुख्य परीक्षा हुई। अभ्यर्थियों के अनुसार, इस बार बिना किसी पूर्व सूचना के पीएससी ने यह नियम लागू कर दिया कि सभी प्रश्नों के उत्तर क्रम में लिखने अनिवार्य होंगे, जबकि इससे पहले के किसी भी मुख्य परीक्षा में ऐसा कोई नियम लागू नहीं था। अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों ने भी इस नियम परिवर्तन की जानकारी नहीं दी, ना ही परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र वितरण के दौरान नियम पढ़ने का समय दिया गया। इसी जल्दबाजी में कई अभ्यर्थियों ने उत्तर क्रम में लिखने पर ध्यान नहीं दिया। जब परिणाम घोषित हुए तो पाया कि अधिकांश अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं जांचे बिना ही उन्हें असफल करार दिया गया है। इस मामले में सात अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा कि पीएससी के पास पहले आवेदन भी दिया गया था, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। इस बीच 8 अक्टूबर को पीएससी ने मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को केवल तकनीकी कारणों से बाहर कर दिया गया।

## महाराष्ट्र कौशल विश्वविद्यालय का नाम अब रतन टाटा के नाम पर रखा जाएगा

### महाराष्ट्र कैबिनेट का फैसला

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र कैबिनेट ने महाराष्ट्र कौशल विश्वविद्यालय का नाम बदलने का फैसला किया है। विश्वविद्यालय का नाम अब दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा के नाम पर रखा जाएगा। सरकार ने यह फैसला दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को सम्मान देने के लिए लिया है। महाराष्ट्र कौशल विकास विश्वविद्यालय को अब रतन टाटा विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। 9 अक्टूबर को उद्योगपति का निधन हो गया और पूरे देश ने इस बड़ी क्षति पर शोक व्यक्त किया। रतन टाटा ने अपना पूरा जीवन देश को बेहतर बनाने और भारत को एक नई पहचान दिलाने में समर्पित कर दिया। उनके निधन के बाद उनकी याद में ये फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने औपचारिक रूप से प्रस्ताव दिया है कि उद्योगपति को भारत के भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रतिष्ठित भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। जिसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रतन टाटा को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दिए जाने की बात कही थी। वहीं रतन टाटा को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है।

## 'हिंदुस्तानी खून के आंसू रोएंगे' मुंबई-हावड़ा मेल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। एयर इंडिया की फ्लाइट के बाद अब मुंबई-हावड़ा मेल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह संदेश आज सुबह करीब चार बजे ऑफ-कंट्रोल को मिला। इसके बाद ट्रेन अधिकारियों ने तुरंत ट्रेन नंबर 12809 को जलगांव स्टेशन पर रोककर इसकी जांच की। करीब दो घंटे तक ट्रेन की बारीकी से जांच की गई, लेकिन उसमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद ट्रेन को उसके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। धमकी का संदेश सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दिया गया था।

फजलुद्दीन नाम के एक अकाउंट के माध्यम से ट्रेन को उड़ाने की धमकी दी गई। पोस्ट में लिखा था कि 'क्या रे हिंदुस्तानी रेलवे, आज सुबह खून के आंसू रोओगे तुम लोग। आज फ्लाइट में भी बम रखा गया है और 12809 ट्रेन में भी। नासिक आने से पहले बड़ा धमाका होगा।' आज सुबह मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके चलते विमान को तुरंत दिल्ली की तरफ डायवर्ट कर दिया गया।

## पितरों का पिंडदान करना होगा आसान, अब छत्तीसगढ़ से गया के लिए सीधी ट्रेन




**रायपुर,** 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के यात्रियों को राहत मिलने वाली है. रेलवे बोर्ड ने गया-लोकमान्य तिलक (एलटीटी) के बीच नई ट्रेन चलाने की घोषणा की है. यह ट्रेन स्श्वष्टक्र में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और नागपुर होकर गुजरेगी. ट्रेन का परिचालन गया से हर बुधवार और एलटीटी से हर शुक्रवार को होगा. ऐसे में गया और एलटीटी जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है. जोन से गया जाने के लिए यह पहली सीधी ट्रेन होगी. पिंडदान के लिए गया जाने वालों को अब आसानी होगी.

दीपावली के पूर्व रेलवे बोर्ड ने यात्रियों को एक नई ट्रेन की सौगात दी है. रेलवे ने गया-लोकमान्य तिलक (एलटीटी) के बीच ट्रेन चलाएगा. यह कोई स्पेशल ट्रेन नहीं, नियमित गाड़ी है. गया रेलवे स्टेशन से हर बुधवार की शाम 7 बजे ट्रेन रवाना होगी. वहीं शुक्रवार की सुबह 5.50 बजे लोकमान्य तिलक (एलटीटी) स्टेशन पहुंचेगी. इसी तरह लोकमान्य तिलक (एलटीटी) से हर शुक्रवार की दोपहर 13.15 बजे रवाना होकर. शनिवार की रात 10.50 बजे गया रेलवे स्टेशन पहुंचेगी. इस ट्रेन को 22 कोच के साथ चलया जाएगा. रेलवे द्वारा जल्द ही ट्रेन का पूरा टाइम टेबल जारी किया जाएगा. उम्मीद की जा रही है कि दीपावली के पहले ही इस ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा.

बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ से गया जाने वाले हजारों यात्री है लेकिन गया के लिए एक भी नियमित ट्रेन नहीं है. रेलवे द्वारा हालांकि 3 पूजा स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा रहा है लेकिन स्पेशल होने के कारण इनका किराया ज्यादा है. वहीं कभी भी इन ट्रेनों को बंद किया जा सकता है. गया-एलटीटी की नियमित ट्रेन मिलने से हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी.

## दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर हलचल तेज



**रायपुर,** 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर हलचल तेज हो चुकी है आने वाले कुछ दिनों में आचार संहिता लग सकती है ऐसे में दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा तैयारियां तेज हो गई है प्रत्याशी को लेकर दोनों ही दलों में विचार विमर्श का क्रम जारी है.कांग्रेस द्वारा जहां 20 अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया है वही कल भाजपा कोर ग्रुप की बैठक हुई है जिसमें लगभग दक्षिण विधानसभा के प्रत्याशी के पैनल पर सहमति बन गई है अब दिल्ली से जल्द ही अधिकृत प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो सकती है।

आपको बता दे की निर्वाचन आयोग द्वारा जल्द ही महाराष्ट्र एवं झारखंड के विधानसभा चुनाव की घोषणा की जा सकती है इसके साथ ही कई प्रदेशों में उपचुनाव भी होने हैं जिनकी घोषणा की जा सकती है वही छत्तीसगढ़ में रायपुर दक्षिण विधानसभा की सीट में भी उपचुनाव होने हैं यहां से विधायक बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा चुनाव लड़े थे जिसमें उन्होंने जीत हासिल की एवं सांसद बनने के बाद विधायक पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया पद खाली होने की वजह से चुनाव होने हैं ऐसे में अब दोनों ही राष्ट्रीय दल पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरने के मूड में है वही जिताऊ प्रत्याशी की तलाश में दोनों ही दल जुटे हुए हैं। दूसरी तरफ भाजपा एवं कांग्रेस दोनों ही दल के दावेदार लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं विभिन्न

### प्रत्याशी को लेकर दोनों ही दलों में मंथन का दौर जारी

राजनीति के एवं सामाजिक कार्यक्रमों में दावेदारों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है गणेश पर्व नवरात्रि पर्व के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों में दावेदार बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं कांग्रेस से जहां सभापति प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, एजाज ढेबर, ज्ञानेश शर्मा,आकाश शर्मा के नाम प्रमुखता से दावेदारों की सूची में सामने आ रही है वहीं दूसरी तरफ भाजपा से पूर्व सांसद सुनील सोनी, कोषाध्यक्ष नंदन जैन, महामंत्री संजय श्रीवास्तव ,केदार गुप्ता, गौरी शंकर अग्रवाल ,मृत्युंजय दुबे ,मीनल छगन चौबे सहित विभिन्न नाम दावेदार के तौर पर सामने आए हैं. इस बार दक्षिण चुनाव में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दोनों ही दलों से कोई नया चेहरा प्रत्याशी के तौर पर सामने आ सकता है दोनों ही दल उपचुनाव में जीत हासिल करना चाह रहा है एक तरफ जहां भाजपा सरकार में रहते हुए उपचुनाव में हार बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है तो वहीं कांग्रेस भी लोकसभा चुनाव में संभावनाओं के अनुरुप परिणाम नहीं आने के बाद उपचुनाव जीतने के लिए पूरा दमखम लगा रही है दोनों ही दलों द्वारा साफ एवं स्वच्छ छवि के प्रत्याशी उतारने की तलाश चल रही है तो वहीं दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में दोनों ही राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न सर्वे भी कराए जा रहे हैं कि कौन सा प्रत्याशी जिताऊ साबित हो सकता है और किसे टिकट देना उचित होगा।